**Series 6HPK5Δ/C**

**SET~1**

*कोड नं.* **29/1/1**

*रोल नं.*

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं ।

(iv) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र को **दो** खण्डों में विभाजित किया गया है — खण्ड **अ** और **ब** । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड अ** में वस्तुपरक प्रश्न तथा **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड अ** में कुल **6** प्रश्न पूछे गए हैं और वे सभी बहुविकल्पात्मक हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड अ** में प्रश्न संख्या **1** और **2** अपठित गद्यांश और अपठित पद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **3** कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन (अभिव्यक्ति और माध्यम) पर आधारित है ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **4** तथा **5** पाठ्य-पुस्तक से पठित काव्यांश और पठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **6** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित है ।*

*(viii)* ***खण्ड ब** में कुल **8** वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

*(ix)* *प्रश्न संख्या **7** एवं **8** कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन पर आधारित हैं ।*

*(x)* *प्रश्न संख्या **9** से **14** तक रचना प्रक्रिया, समाचार-लेखन एवं पाठ्य-पुस्तक पर आधारित हैं ।*

*(xi)* *दोनों खण्डों में कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं ।*

*(xii)* *दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(xiii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

## खण्ड अ

## (वस्तुपरक प्रश्न)

## अपठित गद्यांश

**1.** नीचे दो अपठित गद्यांश दिए गए हैं । किसी ***एक*** गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *10×1=10*

### गद्यांश एक

स्वतंत्रता आन्दोलन के अन्तर्गत अनेक भारतीय परिवारों ने अपना सर्वस्व गँवाया । अनेक बलिदान दिए गए । इसी समय कुछ ऐसे लोग भी थे जिन्हें स्वतंत्रता प्राप्ति के प्रति पूर्ण विश्वास था । उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन के समय से ही स्वयं को भावी कर्णधार मानते हुए यह विचार करना प्रारम्भ कर दिया कि स्वाधीनता के पश्चात् भारतीय शासन का क्या स्वरूप होगा । स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारतीय संविधान तैयार किया गया और 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया ।

इस संविधान की विशेषता यह है कि इसमें सभी देशों में प्रचलित वैज्ञानिक नियमों में से भारत के लिए उपयोगी उत्तमोत्तम नियम छाँटकर रखे गए हैं । इसे सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाने की पूरी चेष्टा की गई है । भारतीय संविधान में 395 अनुच्छेद हैं, जो 22 भागों में विभक्त हैं । इसमें विधान-संबंधी प्रत्येक विषय की स्पष्ट, सरल एवं विस्तृत व्याख्या की गई है । राज्य की नीतियों के मुख्य आधार नागरिकों के मौलिक अधिकार तथा भारतीय जनता के जीवन को सुखी और संपन्न बनाने के सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है ।

जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का राज्य इस संविधान का मूल उद्देश्य है । जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा एक कार्यकारिणी बनाई जाती है, जो प्रतिनिधियों के प्रति उत्तरदायी होती है तथा इसका प्रमुख प्रधानमंत्री होता है ।

संविधान द्वारा सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय प्राप्त करने तथा विचारों और विश्वासों को प्रकट करने की स्वतंत्रता है, किन्तु राष्ट्र की एकता भंग करने या राष्ट्रद्रोह के विचार को फैलाने की स्वाधीनता नहीं है ।

भारतीय संविधान अपने नागरिकों को सभी राजनीतिक विचारों को मानने की छूट देता है । भारतीय संविधान न साम्यवादी है, न पूँजीवादी है । यह किसी आर्थिक सिद्धांत का अनुयायी नहीं है । संविधान में वयस्क व्यक्तियों को मतदान का अधिकार है, जिसकी सहायता से वे शासन के संचालन में सहभागी हो सकते हैं । भारतीय संविधान में प्रत्येक स्त्री-पुरुष को समान अधिकार दिए गए हैं । प्रत्येक शिक्षण संस्था से लेकर प्रत्येक सरकारी नौकरी तक में धर्म, जाति, वर्ग या रंग-भेद के आधार पर किसी व्यक्ति में कोई अन्तर नहीं समझा जाता है ।

भारतीय संविधान लिखित होते हुए भी संशोधन करने योग्य है । संसद के दो-तिहाई सदस्यों के बहुमत से या सामान्य नियम की तरह संसद के साधारण बहुमत से कुछ साधारण संशोधन करवाए जा सकते हैं, किन्तु महत्त्वपूर्ण संशोधनों के लिए आधे राज्यों की पुष्टि भी आवश्यक होती है ।

(i) गद्यांश के अनुसार भावी कर्णधार कहा गया है :

(A) स्वतंत्रता आन्दोलन चलाने वालों को

(B) भविष्य में स्वतंत्रता आन्दोलन सँभालने वालों को

(C) भविष्य में भारत की बागडोर सँभालने वालों को

(D) स्वतंत्रता आन्दोलन से पूर्व देश के शहीदों को

(ii) किसी देश के शासन का स्वरूप तैयार करने के लिए क्या करना पड़ता है ?

(A) शासन के स्वरूप की कल्पना करनी पड़ती है ।

(B) देश का संविधान लिखा जाता है ।

(C) स्वरूप का उद्देश्य तय किया जाता है ।

(D) स्वरूप तय करने के लिए प्रशिक्षण लिया जाता है ।

(iii) भारतीय संविधान को सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाने के लिए क्या किया गया ?

(A) विदेशों से ज्ञानी पंडितों की सलाह ली गई ।

(B) भारतीय लोगों की समस्याओं को समझा गया ।

(C) संविधान लिखने के लिए युवा और वृद्ध दोनों को सम्मिलित किया गया ।

(D) सभी देशों के प्रचलित वैधानिक नियमों में भारत के लिए उपयोगी नियमों को छाँटा गया ।

(iv) भारतीय संविधान की सर्वप्रमुख विशेषता बताई गई है :

(A) भारतीय नागरिकों के अधिकारों का वर्णन

(B) भारतीय नागरिकों के कर्तव्यों का वर्णन

(C) भारतीय नेताओं के अधिकारों का वर्णन

(D) भारतीय न्यायालयों की सीमा-निर्धारण करना

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है :

(A) मौलिक अधिकार

(B) स्वतंत्रता आंदोलन

(C) भारतीय संविधान

(D) संवैधानिक उद्देश्य

(vi) भारतीय नागरिक को धर्म प्रचार की छूट किन स्थितियों में है ?

(A) जिससे सामाजिक शान्ति ख़तरे में न पड़े ।

(B) जिससे सामाजिक शान्ति को ख़तरा हो ।

(C) जिससे नए धर्म की स्थापना हो सके ।

(D) जिससे धार्मिक कलह समाप्त हो ।

(vii) भारतीय संविधान नागरिकों को किस बात की स्वतंत्रता ***नहीं*** देता ?

(A) राष्ट्र में मैत्री भाव फैलाना ।

(B) राष्ट्र में एकता भंग करना तथा राजद्रोह के विचार फैलाना ।

(C) राजनीतिक विचारों को मानना ।

(D) वयस्क व्यक्तियों द्वारा मतदान देना ।

(viii) संविधान में महत्त्वपूर्ण संशोधन कैसे किए जा सकते हैं ?

(A) संसद के दो-तिहाई मतों से ।

(B) संसद के सभी सदस्यों की सहमति से ।

(C) संसद के अध्यक्ष की सहमति से ।

(D) संसद के दो-तिहाई मतों तथा आधे राज्यों की पुष्टि से ।

(ix) भारतीय संविधान हमें किस रूप में उपलब्ध है ?

(A) लिखित रूप में ।

(B) मौखिक रूप में ।

(C) संशोधित रूप में ।

(D) अर्द्धलिखित रूप में ।

(x) भारतीय संविधान के 22 भागों में प्रत्येक विषय की व्याख्या कैसी भाषा में की गई है ?

(A) संस्कृत निष्ठ भाषा में ।

(B) स्थानीय भाषाओं में ।

(C) जटिल भाषा में ।

(D) स्पष्ट, सरल और विस्तृत रूप में ।

**अथवा**

**गद्यांश दो**

मनुष्य के लिए नैतिकता का बहुत अधिक महत्त्व है । सच कहें तो नैतिकता का पालन ही मानव को मानव बनाता है । पहले हमारी विचारधारा कुछ ऐसी थी कि धर्म और अपराध का बहुत निकट सम्बन्ध माना जाता था । उस समय मनुष्य पाप करने से डरता था, वह पाप को ही अपराध मानता था । आज इन दोनों में बहुत अन्तर माना जाने लगा है । अपराध सिद्ध करने के लिए हमें गवाह की आवश्यकता है, परन्तु पाप धर्म से सम्बन्धित है । हमारे देश में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग हैं । सभी धर्म एक ही जगह पहुँचाने वाले अलग-अलग रास्तों के समान हैं । एक ही जगह पहुँचने के लिए हम अलग-अलग रास्तों को अपनाएँ तो इसमें दु:ख का कोई कारण नहीं । सच पूछें तो जितने मनुष्य हैं उतने ही धर्म भी हैं । हमें सभी धर्मों के प्रति समभाव रखना चाहिए । इससे अपने धर्म के प्रति उदासीनता आती है, ऐसी बात नहीं, बल्कि अपने धर्म पर जो प्रेम है, उसकी अंधता मिटती है । इस तरह वह प्रेम ज्ञानमय और ज़्यादा सात्विक तथा निर्मल बनता है । मैं इस विश्वास से सहमत नहीं हूँ कि पृथ्वी पर एक धर्म हो सकता है या होगा । इसलिए मैं विविध धर्मों में पाए जाने वाले तत्त्व खोजने को और इस तथ्य को पैदा करने की कोशिश कर रहा हूँ कि विविध धर्मावलंबी एक-दूसरे के प्रति सहिष्णुता का भाव रखें ।

मेरी सम्मति है कि संसार के धर्मग्रंथों को सहानुभूतिपूर्वक पढ़ना प्रत्येक सभ्य पुरुष और स्त्री का कर्तव्य है । अगर हमें दूसरे धर्मों का वैसा आदर करना है जैसा हम उनसे अपने धर्म का कराना चाहते हैं, तो संसार के सभी धर्मों का आदरपूर्वक अध्ययन करना हमारा पवित्र कर्म हो जाता है । दूसरे धर्म के आदरपूर्ण अध्ययन से मेरी समझ पर शास्त्रों की गहरी छाप पड़ी है । उन्होंने मेरी जीवन दृष्टि को विशाल बनाया है ।

सत्य के अनेक रूप होते हैं, इस सिद्धांत को मैं बहुत पसंद करता हूँ । इसी सिद्धांत ने मुझे, एक मुसलमान को उसके अपने दृष्टिकोण से और एक ईसाई को उसके स्वयं के दृष्टिकोण से समझना सिखाया है । जिन अंधों ने हाथी का अलग-अलग तरह से वर्णन किया, वे सब अपनी दृष्टि से ठीक थे, मगर एक-दूसरे की दृष्टि से सब ग़लत थे और जो आदमी हाथी को जानता था, उसकी दृष्टि से सही भी थे, ग़लत भी । जब तक अलग-अलग धर्म मौजूद हैं, तब तक प्रत्येक धर्म को किसी विशेष बाह्य चिह्न की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन जब बाह्य चिह्न केवल आडंबर बन जाते हैं अथवा अपने धर्म को दूसरे धर्मों से अलग बताने के काम आते हैं, तब वे त्याज्य हो जाते हैं । धर्मों के भ्रातृ-मंडल का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह एक हिंदू को अधिक अच्छा हिंदू, एक मुसलमान को अधिक अच्छा मुसलमान और एक ईसाई को अधिक अच्छा ईसाई बनाने में मदद करे । दूसरों के लिए हमारी प्रार्थना यह नहीं होनी चाहिए — 'ईश्वर, तू उन्हें वही प्रकाश दे, जो तूने मुझे दिया है,' बल्कि यह होनी चाहिए — 'तू उन्हें वह सारा प्रकाश दे, जिसकी उन्हें अपने सर्वोच्च विकास के लिए आवश्यकता है ।'

(i) धर्म और अपराध का गहरा सम्बन्ध होने का क्या लाभ है ?

- (A) लोग अपराध अधिक करते हैं ।
- (B) लोग अपराध करने से डरते हैं ।
- (C) उन्हें अधिक दण्ड मिलता है ।
- (D) उन्हें दण्ड पाने का अवसर ही नहीं मिलता ।

(ii) विभिन्न धर्मों में भिन्नता होने पर भी एकता किस तरह दिखाई देती है ?

- (A) सभी धर्म एक ही लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं ।
- (B) सभी धर्म एक ही ईश्वर को मानते हैं ।
- (C) सभी धर्म मूर्ति पूजा में विश्वास करते हैं ।
- (D) सभी धर्मों में योग का महत्त्व है ।

(iii) धर्म के प्रति हम स्वस्थ दृष्टिकोण कैसे अपना सकते हैं ?

- (A) धर्म के प्रति अत्यधिक प्रेम रख कर ।
- (B) धर्म का प्रचार करके ।
- (C) धर्म के प्रति उदासीन रह कर ।
- (D) अपने धर्म को सर्वश्रेष्ठ मान कर ।

(iv) सभी सभ्य पुरुषों और स्त्रियों का कर्तव्य है :

- (A) वे संसार के सभी धर्मग्रंथ पढ़ें ।
- (B) वे सभी धर्मग्रंथ सहानुभूतिपूर्वक पढ़ें ।
- (C) सभी धर्मग्रंथों को समभाव रखकर पढ़ें ।
- (D) सभी धर्मों के बाह्य चिह्नों की जानकारी पाने के लिए पढ़ें ।

(v) अन्य धर्मग्रंथों को पढ़कर लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(A) लेखक की अपने धर्म के प्रति अंधता बढ़ी ।

(B) अपने शास्त्रों की बातें निरर्थक लगीं ।

(C) अपने शास्त्रों के प्रति उदासीनता हुई और दूसरे ग्रंथ भाने लगे ।

(D) अपने शास्त्रों ने लेखक की समझ को, और स्पष्ट किया ।

(vi) धर्मों के बाह्य चिह्न कब त्याज्य हैं ?

(A) जब ये केवल आडंबर बन जाते हैं ।

(B) जब दूसरे धर्म के पूरक बन जाते हैं ।

(C) जब ये झूठे आडम्बरों को समाप्त करते हों ।

(D) जब इसे धारण करने वाला इसके प्रति उदासीन हो ।

(vii) लेखक की प्रार्थना जन साधारण की प्रार्थना से अलग है, क्योंकि :

(A) यह अपनी ही उन्नति की बात करती है ।

(B) यह अपने धर्म के सभी लोगों की उन्नति के लिए है ।

(C) यह दूसरों के सर्वोच्च विकास के प्रकाश की कामना करती है ।

(D) यह केवल दिखावे के लिए है ।

(viii) सभी धर्मों के सम्बन्ध में लेखक के क्या प्रयास हैं ?

(A) ऐसा धर्मतत्त्व ढूँढ़ना जिससे विभिन्न धर्मावलम्बी एक-दूसरे के प्रति सहिष्णु बनें ।

(B) ऐसा धर्मतत्त्व ढूँढ़ना कि दूसरे धर्म को मानने लगें ।

(C) ताकि सभी धर्मावलम्बियों में सभ्यता का विकास हो ।

(D) ऐसा धर्मतत्त्व ढूँढ़ना जिससे दूसरे धर्म के प्रति घृणा भाव उत्पन्न हो ।

(ix) इस गद्यांश का शीर्षक हो सकता है :

(A) मित्रता

(B) सभी धर्मों में समभाव

(C) सहिष्णुता का विकास

(D) धर्मग्रन्थों का अध्ययन

(x) 'सत्य का रूप' किस पर निर्भर करता है ?

(A) व्यक्तिगत दृष्टिकोण पर ।

(B) समाज की सहमति पर ।

(C) अदालत के न्याय पर ।

(D) मनुष्य की समझ पर ।

## अपठित पद्यांश

**2.** नीचे दो पद्यांश दिए गए हैं । किसी ***एक*** पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *8×1=8*

### पद्यांश एक

नीलाम्बर परिधान हरित पट पर सुन्दर है ।
सूर्य-चन्द्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर हैं ।
नदियाँ प्रेम-प्रवाह, फूल तारे मंडल हैं ।
बंदीजन खग-वृंद शेष-फन सिंहासन हैं ।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की ।
हे मातृभूमि तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की
जिसकी रज में लोट-लोट कर बड़े हुए हैं,
घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं ।
परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाए ।
जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाए ।
हम खेले कूदे, हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में ।
हे मातृभूमि तुझको निरख क्यों न हों मोद में ?
पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा ।
तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?
तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है
बस तेरे ही सुरस — सार से सनी हुई है ।।
फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी ।
हे मातृभूमि, यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी ।
निर्मल तेरा नीर अमृत सम उत्तम है ।
शीतल मंद सुगंध पवन हर लेता श्रम है ।
षट् ऋतुओं की विविध दृश्ययुत अद्भुत क्रम है ।
हरियाली का फर्श नहीं मखमल से कम है ।
शुचि-सुधा सींचता रात में तुझ पर चन्द्रप्रकाश है ।
हे मातृभूमि, दिन में तरणि, करता तम का नाश है ।
सुरभित, सुन्दर, सुखद, सुमन तुझ पर खिलते हैं ।
भाँति-भाँति के सरल, सुधोपम फल मिलते हैं ।
औषधियाँ हैं प्राप्त एक से एक निराली ।

(i) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने किसका वर्णन किया है ?

(A) गाँव की धरती का

(B) कृषि भूमि का

(C) धरती के सौंदर्य का

(D) पर्वतीय स्थल का

(ii) नदियाँ क्या प्रवाहित करती हैं ?

(A) प्रेम

(B) दूध

(C) जीवन

(D) अमृत

(iii) मातृभूमि को सर्वेश की सगुण मूर्ति क्यों कहा गया है ?

(A) मातृभूमि के प्रत्येक गुण का वर्णन नहीं है ।

(B) ईश्वर निर्गुण है परन्तु धरती की प्रशंसा गुणों के वर्णन से की है ।

(C) मातृभूमि का कल्पनात्मक रूप वर्णित है ।

(D) मातृभूमि का भावनात्मक वर्णन है ।

(iv) 'धूल भरे हीरे' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(A) हीरा मिट्टी में जन्म लेता है ।

(B) एक ऐसा हीरा जिसे तराशा न गया हो ।

(C) ऐसी धरती जिसमें हीरे स्वरूप फ़सल होती है ।

(D) मिट्टी में खेलता एक-एक बालक हीरे जैसा गुणवान है ।

(v) "तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है" — से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(A) मातृभूमि का सुन्दर रूप उसी के गुणों के कारण है ।

(B) मातृभूमि पर जन्म लेने वाले मनुष्य का शरीर पंच महाभूतों से बना है – जो मातृभूमि का अंश है ।

(C) मनुष्य का जन्म माँ की गोद में हुआ है ।

(D) मिट्टी में लोट कर ही शरीर को निखार मिला है ।

(vi) कवि ने मखमल किसे कहा है ?

(A) धरती की कोमल मिट्टी को ।

(B) धरती पर उगी फ़सलों को ।

(C) हरी-भरी कोमल घास को ।

(D) सरसों की फ़सल को ।

(vii) मनुष्य धरती के उपकार का बदला चुकाने में क्यों असमर्थ है ?

(A) धरती के असंख्य उपकारों का बदला चुकाना मानव की सामर्थ्य नहीं ।

(B) मानव जीवन भर मातृभूमि से लाभ पाता रहता है ।

(C) मानव मातृभूमि का शोषण करता है ।

(D) मातृभूमि से अपने अधिकार पाने में संलग्न है ।

(viii) मातृभूमि औषधियाँ कैसे प्रदान करती है ?

(A) अपने अमृतमय जल से ।

(B) पेट भरने के लिए अन्न द्वारा ।

(C) धरती पर औषधीय गुणों वाली जड़ी-बूटियाँ उपलब्ध हैं ।

(D) प्राकृतिक वायु औषधि-स्वरूप है ।

**अथवा**

**पद्यांश दो**

उसे दरवाज़े पर रखकर, चला गया है माली
उसका वहाँ होना, अटपटा लगता है मेरी आँखों में
पर जाते हुए दिन की, धुँधली रोशनी में
उसकी वह अजब अड़बंग सी अद्भुत
धूल भरी धज
आकर्षित करती है मुझे
काम था, सो हो चुका है
मिट्टी थी सो खुद चुकी है जड़ों तक
और अब कुदाल है कि एक चुपचाप
चुनौती की तरह, खड़ी है दरवाज़े पर
सोचता हूँ उसे वहाँ से उठाकर
ले आऊँ अन्दर
और रख दूँ किसी कोने में
ड्राइंग-रूम कैसा रहेगा ...........
मैं सोचता हूँ, न सही कुदाल
एक अलंकार ही सही
यदि वहाँ रह सकती है नागफनी
तो कुदाल क्यों नहीं ?
'पर नहीं' — मेरे मन ने कहा
कुदाल नहीं रह सकती ड्राइंग-रूम में
इससे घर का संतुलन बिगड़ सकता है
फिर क्या किया जाए ? मैंने सोचा –
कि तभी ख्याल आया
उसे क्यों न छिपा दूँ
पलंग के नीचे अँधेरे में
इससे साहस थोड़ा दबेगा ज़रूर
पर हवा में जो भर जाएगी एक रहस्य की गंध

उससे घर की गरमाहट कुछ बढ़ेगी ही
लेकिन पलंग के नीचे कुदाल ?
मैं ठठाकर हँस पड़ा इस अद्भुत बिंब पर
अंत में कुदाल के सामने रुक कर
मैंने कुछ देर सोचा कुदाल के बारे में,
सोचते हुए लगा उसे कंधे पर रख कर
किसी अदृश्य अदालत में खड़ा हूँ मैं
पृथ्वी पर कुदाल के होने की गवाही में ।

(i) पद्यांश में चुनौती की तरह किसे माना है ?
- (A) धूल को
- (B) कुदाल को
- (C) धुँधली रोशनी को
- (D) मिट्टी को

(ii) नागफनी की तुलना में कवि कुदाल को क्या मान बैठा है ?
- (A) कुल्हाड़ी
- (B) बरगद
- (C) अमरबेल
- (D) अलंकार

(iii) कवि को आकर्षित करती है :
- (A) कुदाल की पैनी नोक
- (B) कुदाल का धूल भरा रूप-रंग
- (C) कुदाल की लकड़ी की बेंट
- (D) कुदाल की तेज धार

(iv) कवि को कुदाल रखने के बारे में निर्णय नहीं करने पर लगा कि :
- (A) कुदाल रखने की जगह नहीं मिलेगी ।
- (B) अब वह कुदाल फेंक देगा ।
- (C) कुदाल के लिए वह अदालत में खड़ा है ।
- (D) कुदाल को संग्रहालय में दे देगा ।

(v) ड्राइंग-रूम में कुदाल के रखने से कवि के मन में क्या शंका है ?
- (A) वहाँ वह अच्छी लगेगी ।
- (B) घर की चीज़ें बिखर जाएँगी ।
- (C) नागफनी अच्छी लगने लगेगी ।
- (D) घर का संतुलन बिगड़ जाएगा ।

(vi) नागफनी और कुदाल की तुलना क्यों की गई है ?

(A) दोनों सुन्दर हैं ।

(B) दोनों काम की चीज़ें हैं ।

(C) दोनों में चोट पहुँचाने की शक्ति है ।

(D) दोनों ही मिट्टी से भरे हैं ।

(vii) कवि को कुदाल को कहाँ रखने का ख्याल आया ?

(A) कमरे के कोने में ।

(B) पलंग के नीचे अँधेरे में ।

(C) घर के सामने ।

(D) कमरे के दरवाज़े पर ।

(viii) कवि किस बिम्ब पर ठठाकर हँस पड़ा ?

(A) ड्राइंग-रूम में कुदाल ।

(B) घर के दरवाज़े पर कुदाल ।

(C) कमरे के कोने में कुदाल ।

(D) पलंग के नीचे कुदाल ।

## कार्यालयी हिन्दी और रचनात्मक लेखन

**3.** निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प का चयन कर लिखिए : *5×1=5*

(i) फ्रीलांसर पत्रकार कहते हैं :

(A) नियमित वेतनभोगी कर्मचारी को

(B) एक निश्चित मानदेय पर काम करने वाले को

(C) भुगतान के आधार पर अलग-अलग अख़बारों के लिए लिखने वाले को

(D) किसी के लिए भी काम न करने वाले को

(ii) सरकार के कामकाज पर निगाह रखने वाली पत्रकारिता को कहते हैं :

(A) खोजपरक

(B) पेजथ्री

(C) वॉचडॉग

(D) वैकल्पिक

(iii) विचारों की प्रधानता किसमें होती है ?

(A) आलेख

(B) फ़ीचर

(C) रिपोर्ट

(D) रिपोर्ताज़

(iv) किसी योजना, परियोजना और कार्य के कार्यान्वयन के बाद जो विवरण प्रस्तुत किया जाता है, उसे कहते हैं :

(A) रिपोर्ताज़

(B) रिपोर्ट

(C) फ़ीचर

(D) आलेख

(v) फ़ीचर लेखन किस शैली में किया जाता है ?

(A) उलटा पिरामिड

(B) सीधा पिरामिड

(C) कथात्मक

(D) आत्मनिष्ठ

**पाठ्य-पुस्तक**

**4.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प का चयन कर लिखिए : *5×1=5*

जैसे शमी वृक्ष के तने से टिककर
न पहचानने में पहचानते हुए विदुर ने
धर्मराज को
निर्निमेष देखा था अंतिम बार
और उनमें से उनका आलोक धीरे-धीरे
आगे बढ़कर
मिल गया था युधिष्ठिर में
सिर झुकाए निराश लौटते हैं हम
कि सत्य अंत तक हमसे कुछ नहीं बोला
हाँ हमने उसके आकार से निकलता
वह प्रकाश-पुंज देखा था
हम तक आता हुआ
वह हममें विलीन हुआ या हमसे होता
हुआ आगे बढ़ गया ।

(i) शमी वृक्ष के तने के साथ कौन खड़ा है ?

(A) युधिष्ठिर

(B) विदुर

(C) एक आम व्यक्ति

(D) राजनेता

(ii) इन पंक्तियों में बताने का प्रयास किया गया है :

(A) सत्य का महत्त्व

(B) असत्य का महत्त्व

(C) सत्य से दूर भागना

(D) सत्य को न पहचानना

(iii) काव्यांश में आया 'प्रकाश पुंज' किसका प्रतीक है ?

(A) पहचान का

(B) अपरिचय का

(C) सत्य का

(D) नाटकीयता का

(iv) 'सिर झुकाना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(A) आदर करना

(B) लज्जित होना

(C) छिपना

(D) अनादर करना

(v) 'वह हममें विलीन हुआ या हमसे होता हुआ आगे बढ़ गया' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(A) सत्य के प्रकाश को व्यक्ति का ग्रहण कर अनदेखा करना ।

(B) सत्य के महत्त्व को समझना ।

(C) सत्य के प्रकाश से प्रकाशित होना भाग्य में है अथवा नहीं ।

(D) सत्य के प्रकाश के प्रति वितृष्णा होना या उसकी चाह होना ।

**5.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

भीड़ लड़के ने दिल्ली में भी देखी थी, बल्कि रोज़ देखता था । दफ़्तर जाती भीड़, खरीद फ़रोख्त करती भीड़, तमाशा देखती भीड़, सड़क क्रॉस करती भीड़ । लेकिन इस भीड़ का अंदाज़ निराला था । इस भीड़ में एकसूत्रता थी । न वहाँ जाति का महत्त्व था, न भाषा का, महत्त्व उद्देश्य का था और वह सबका समान था — जीवन के प्रति कल्याण की कामना । इस भीड़ में दौड़ नहीं थी । अतिक्रमण नहीं था और भी अनोखी बात यह थी कि कोई भी स्नानार्थी किसी सैलानी आनंद में डुबकी नहीं लगा रहा था ।

(i) हरिद्वार की भीड़ में नहीं था :

(A) एक सूत्र

(B) एक उद्देश्य

(C) जाति भाषा का बंधन

(D) सबके प्रति कल्याण भाव

(ii) इस भीड़ और अन्य स्थानों की भीड़ में क्या अंतर है ?

(A) यह भीड़ अनियन्त्रित थी ।

(B) भीड़ में लोग भागे जाते थे ।

(C) भीड़ में पहले जाने की होड़ थी ।

(D) भीड़ एकसूत्रता में बँधी थी ।

(iii) इस भीड़ में लोगों का लक्ष्य क्या था ?

(A) जातीयता का महत्त्व

(B) भाषा के आधार पर इकट्ठे रहना

(C) जीवन के प्रति कल्याण की कामना करना

(D) आर्थिक स्तर के आधार पर झुंड बनाना

(iv) यात्री किस तरह के आनंद में डुबकी ***नहीं*** लगा रहे थे ?

(A) आनंद के लिए

(B) मोक्ष प्राप्ति के लिए

(C) धन प्राप्ति के लिए

(D) मैत्री भाव के लिए

(v) इस गद्यांश के लेखक हैं :

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) निर्मल वर्मा

(C) ममता कालिया

(D) फणीश्वरनाथ रेणु

**पूरक पाठ्य-पुस्तक**

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प का चयन कर लिखिए : *7×1=7*

(i) मालवा में बहने वाली नदियाँ आज नालों में बदल रही हैं — इसका कारण है :

(A) शहरी जीवन और औद्योगिक प्रगति ।

(B) लोग इनमें घरों की गंदगी फेंकते हैं ।

(C) अँधेरी आने से पानी गंदा हो जाता है ।

(D) जानवर इन नदियों का दुरुपयोग करते हैं ।

(ii) बिस्कोहर की माटी में नीम के फूल काम आते हैं :

(A) निबोरी बनाने के लिए ।

(B) टाइफाइड दूर करने के लिए ।

(C) चेचक रोग के लिए ।

(D) आँख में लगाने के लिए ।

(iii) 'भसीण' शब्द का प्रयोग पाठ में किसके लिए किया है ?

(A) कमल के लिए ।

(B) गुलाब की टहनी के लिए ।

(C) कमल-ककड़ी के लिए ।

(D) एक जनजाति के लिए ।

(iv) 'धोती या कमीज़ में गाँठ लगाकर प्याज़ बाँधना' किस चीज़ का उपाय है ?

(A) गरमी और लू से बचने का ।

(B) ज्वर से बचने का ।

(C) ठंड से बचने का ।

(D) रोग से लड़ने की शक्ति बढ़ाने का ।

(v) रूपसिंह कितने वर्षों बाद गाँव लौट रहा था ?

(A) 15 वर्ष बाद

(B) 21 वर्ष बाद

(C) 11 वर्ष बाद

(D) 10 वर्ष बाद

(vi) 'सूरदास की झोंपड़ी' प्रेमचन्द के किस उपन्यास का हिस्सा है ?

(A) कर्मभूमि

(B) सेवासदन

(C) रंगभूमि

(D) निर्मला

(vii) सूरदास की झोंपड़ी में किसने आग लगाई ?

(A) भैरों ने

(B) जगधर ने

(C) सुभागी ने

(D) आग स्वयं लग गई

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

## कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन

**7.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *1×5=5*

(i) मोबाइल से कितना लाभ – कितनी हानि

(ii) पराली के जलाने से फैलता प्रदूषण

(iii) शहरों में बढ़ती बाल मज़दूरी

**8.** (क) दीपावली के अवसर पर पटाख़े चलाने पर प्रतिबन्ध लगाए जाने पर भी आपके पड़ोसी दिवाली के दो दिन पहले ही लगातार पटाख़े फोड़ रहे हैं । उनकी शिकायत करते हुए स्थानीय थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

(ख) बढ़ती हुई महँगाई से त्रस्त सामान्य नागरिक की व्यथा प्रकट करते हुए समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । 5

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 – 50 शब्दों में लिखिए : *3+2=5*

(क) (i) पत्रकारीय लेखन साहित्यिक और सृजनात्मक लेखन से कैसे भिन्न है ?

**अथवा**

(ii) स्तंभ लेखन क्या है ?

(ख) (i) संपादकीय किसी नाम से क्यों नहीं छापा जाता ?

**अथवा**

(ii) फ़ीचर क्या है ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 – 50 शब्दों में लिखिए :

(क) (i) रेडियो नाटक की कहानी का चुनाव करते समय हमें किन मुख्य बातों का ध्यान रखना चाहिए ? *3*

**अथवा**

(ii) एक सफल रेडियो नाटक में कौन-कौन से गुण विद्यमान होने चाहिए ? *3*

(ख) (i) रेडियो के लिए लिखे गए दो नाटकों के नाम बताइए जो बाद में मंच पर भी सफल हुए । *2*

**अथवा**

(ii) रेडियो नाटक में पात्रों की संख्या कम क्यों रखी जाती है ? *2*

## पाठ्य-पुस्तक

**11.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(i) 'देव सेना का गीत' कविता में आई पंक्ति "मैंने भ्रमवश जीवन संचित मधुकरियों की भीख लुटाई है" का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'एक कम' कविता के आधार पर लिखिए कि हाथ फैलाने वाले व्यक्ति को कवि ने ईमानदार क्यों कहा है ।

(iii) वसंत आगमन की सूचना कवि को कैसे मिली ? 'वसंत आया' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**12.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(i) विद्यापति के पद में कोयल और भौरों के कलरव का नायिका पर पड़ने वाले प्रभाव को अपने शब्दों में लिखिए ।

(ii) 'मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ' में राम के स्वभाव की किस विशेषता की ओर संकेत किया गया है ? 'भरत राम का प्रेम' कविता के आधार पर लिखिए ।

(iii) 'बारहमासा' कविता में होलिका दहन का नायिका पर पड़े प्रभाव का उल्लेख कीजिए ।

**13.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(i) 'प्रेमघन की छाया स्मृति' पाठ में लेखक का हिंदी साहित्य के प्रति झुकाव किस तरह बढ़ता गया ?

(ii) वैदिक काल में हिन्दुओं में कैसी लॉटरी चलती थी जिसका वर्णन लेखक ने 'सुमिरनी के मनके' में किया है ?

(iii) बड़ी बहुरिया का संवाद हरगोबिन क्यों न सुना पाया ?

**14.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(i) हाथी ने खेत की रखवाली के लिए क्या घोषणा की ?

(ii) 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ में 'नए शरणार्थी' किन्हें कहा गया है ?

(iii) 'दूसरा देवदास' पाठ में स्वयंसेवकों के किन कार्यों का उल्लेख हुआ है ? अपने शब्दों में लिखिए ।